कार्यालय उप वनमंडलाधिकारी भानुप्रतापपुर उप वनमंडल भानुप्रतापपुर,
जिला – उत्तर बस्तर कांकेर, (छ.ग.)
E-mail : sdo_bpur@rediffmail.com 07850-252128 Fax - 07850-252223

क्रमांक/उप व.म.अ./ 721 भानुप्रतापपुर, दिनांक 02.06.2023

प्रति,

वनमण्डलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वंनमण्डल
भानुप्रतापपुर

विषय :– **मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात प्रा.लि. रायपुर को आरीडोंगरी कक्ष क्रमांक 608 (पुराना 139) में रकबा 32.360 हे. क्षेत्र में स्थित वृक्षों को चिन्हांकित कर एवम् विदोहन योजना गड़बड़ी की शिकायत बाबत्।**

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/मा.चि/2668 दिनांक 04.05.2023 एवं पत्र क्रमांक/मा. चि./2887 दिनांक 18.05.2023

—–000—–

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में निवेदन हैं कि, आरीडोंगरी माईन्स (**मेसर्स गोदावरी पॉवर एंण्ड इस्पात प्रा.लि. रायपुर**) को ग्राम कच्चे वन कक्ष क्रमांक 608 (पुराना 139) के लीज रकबा 32.360 हे. क्षेत्र में स्थित वृक्षों का चिन्हांकन कर 11765 नग वृक्षों का विदोहन योजना तैयार कर स्वीकृति उपरांत वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर उत्पादन द्वारा 6070 नग वृक्षों का विदोहन किया गया था तथा 5695 नग वृक्ष विदोहन हेतु शेष था।

वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर उत्पादन ने पत्र क्र/प.अ./भानुप्रतापपुर 190 दिनांक 16.11.2018 के द्वारा आरीडोंगरी माईन्स कक्ष क्रमांक 608 (पुराना 139) का माईनिंग लीज एरिया रकबा 32.360 हे. का मौंका निरीक्षण करने पर 5695 नग वृक्ष नहीं होना लेख किया गया हैं। इस संबंध में उपरोक्त संदर्भित पत्र के परिपालन में मेरे द्वारा दिनांक 17.05.2023 को संयुक्त रूप से आरीडोंगरी माईनिंग लीज रकबा 32.360 हे का स्थल निरीक्षण करने पर मौंके पर कुछ वृक्ष होना पाया गया।

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 795 दिनांक 18.05.2023 द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर उत्पादन को क्षेत्रीय एवं स्वंय के अमला के साथ मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात प्रा.लि. रायपुर को आरीडोंगरी माईन्स कच्चे के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से मौंके स्थल में उपलब्ध वृक्षों का गणना करते हुए गणना पत्रक प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया।

सत्यापित
वन मण्डलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल
भानुप्रतापपुर

इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 835 दिनांक 23.05.2023 द्वारा वन रिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर उत्पादन को आरीडोंगरी माईनिंग लीज 32.360 हे क्षेत्र में कुल चिन्हांकित 11765 नग वृक्षों का विदोहन योजना एवं अंतिम विदोहन तथा परिवहन प्रगति प्रतिवेदन की छायाप्रति प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया ।

वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर उत्पादन के पत्र क्रमांक 36 दिनांक 25.05.2023 के द्वारा संयुक्त वृक्ष गणना पंचनामा एवं संयुक्त वृक्ष गणना सूची जो 18.05.2023 से 20.05.2023 तक कक्ष क्रमांक आर एफ 608 (पुराना 139) आरीडोंगरी माईनिंग लीज रकबा 32.360 हे. में विदोहन हेतु खड़े वृक्षों का गणना करने पर साजा, बीजा, तेन्दू एवं अन्य प्रजाति के क्रमांक 01 से क्रमांक 712 तक कुल 712 नग वृक्ष मौंके पर शेष होना पाया गया, जिसका संयुक्त वृक्ष गणना पंचनामा एवम् वृक्ष गणना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो दोहन योग्य हैं।

मेरे द्वारा दिनांक 26.05.2023 को कक्ष क्रमांक 608 (पुराना 139) रकबा 32.360 हे क्षेत्र माईनिंग लीज एरिया को मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड रायपुर जो आरीडोंगरी माईन्स को आबंटित हैं, जिसमें परिक्षेत्र अधिकारी उत्पादन भानुप्रतापपुर द्वारा संयुक्त रूप से गणना किये गये वृक्षो को समान्य जांच बतौर परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर, वन परिक्षेत्र अधिकारी भानुप्रतापपुर उत्पादन, परिक्षेत्र सहायक कच्चे, परिसर रक्षक कच्चे, तथा गोदावरी माईन्स के डी जी एम श्री भारत भूषण, गोदावरी माईन्स के पर्यावरण ऑफिसर श्री मयंक मिश्रा एवं ग्राम कच्चे के मजदूरों की उपस्थिति में जांच करने पर नापजोक सहीं पाया गया। गणना सूची में दर्शित वृक्ष क्रमांक 01 से लेकर 712 वृक्षों की मौंका पर होने की पुष्टि होती है, जो दोहन योग्य हैं।

वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्पादन भानुप्रतापपुर के पत्र क्रमांक 38 दिनांक 29.05.2023 द्वारा मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड रायपुर को आबंटित माईनिंग माईन्स एरिया 32.360 हे क्षेत्र वन कक्ष क्रमांक 608 (पुराना 139) में दोहन हेतु तैयार किये गये 11765 वृक्षों का विदोहन योजना की छायाप्रति एवं वन कक्ष क्रमांक आर एफ 608 रकबा 32.360 हे. का काष्ठ विदोहन, परिवहन का अंतिम प्रतिवेदन माह – अक्टूबर 2019 की स्थिति में हस्तलिखित प्रपत्र प्रस्तुत किया हैं।

मेसर्स गोदावरी पॉवर एण्ड इस्पात लिमिटेड रायपुर को आबंटित आरीडोंगरी माईन्स कक्ष क्रमांक आर एफ 608 पुरान (139) रकबा 32.360 हे में 11765 नग वृक्षों का विदोहन योजना तैयार किया गया था, उसमें से 6070 नग वृक्षों का परिक्षेत्र अधिकारी

वन मण्डलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल
भानुप्रतापपुर

उत्पादन भानुप्रतापपुर द्वारा विदोहन कराया जा चुका हैं, एवं प्रतिवेदन अनुसार 5695 नग वृक्षों का विदोहन होना शेष बताया गया हैं। **मौंके पर पुनः गणना कराने पर 712 नग खड़े वृक्ष होना पाया गया। इस प्रकार मौंके पर विदोहन योजना अनुसार 4983 खड़े वृक्ष आरी डोंगरी माईन्स रकबा 32.360 हे. में मौजूद नहीं होना पाया गयां।**

अतः तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर संलग्न संप्रेषित हैं।

संलग्न :–

1. प.अ. का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन, गणनापत्रक मय पंचनामा पृ. 01 से 15 तक
2. विदोहन योजना, अंतिम परिवहन प्रगति प्रतिवेदन पृ. 01 से 12 तक
3. संयुक्त स्थल निरीक्षण पंचनामा 02 पृष्ठ

02/06/2023

उप वनमण्डलाधिकारी
भानुप्रतापपुर

D:\2023\Dfo latter\Map\letter Map 2023.docx



।। " वन एवं वन्य प्राणियों की रक्षा कीजिए" ।।

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त कार्यालय कांकेर
जिला उ॰ ब॰ कांकेर (छ॰ग॰)

विषय :- मेसर्स गोदावरी पावर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर को आरी डोंगरी कक्ष क्रमांक 608 (पुराना 139) में रकबा 32.360 हेक्टेयर में स्थित वृक्षों को चिन्हांकित्त कर एवं विदोहन योजना के अनुसार वृक्षों की कटाई के संबंध में उप वन मण्डलाधिकारी पूर्व वनमण्डल भानुप्रतापपुर का पत्र क्रमांक/उप व.म.अ./721 दिनांक 02.06.2023 के संबंध मे शिकायत जांच उपरांत कार्यवाही नहीं किये जाने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में निवेदन है आरी डोंगरी माईन्स (मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात प्राईवेट लिमिटेड रायपुर) को ग्राम कच्चे वन कक्ष क्र. 608 (पुराना 139) में रकबा 32.360 हेक्टेयर में स्थित वृक्षों को चिन्हांकित कर एवं विदोहन योजना के अनुसार वृक्षों की कटाई के संबंध में शिकायत उपरांत उप वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर के द्वारा जांच कर जांच प्रतिवेदन पत्र क्रमांक/उप व.म.अ./721 दिनांक 02.06.2023 को वन मण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर को सौंपा गया। जिसमें वनमण्डलाधिकारी के द्वारा आज पर्यन्त तक कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया है। जबकि जांचकर्ता अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार स्पष्ट रुप से यह उल्लेखित है कि जो शिकायत मिली थी वह सत्य पाया गया है जिसकी सम्पूर्ण प्रतिवेदन वनमण्डलाधिकारी को सुपूर्द की गई है। जिसकी छायाप्रति आप की ओर प्रेषित की जा रही है।

अतः निवेदन है कि इस पर उचित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जावे।

धन्यवाद्


दिनांक - 29-08-2025

संलग्न :- जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति आपकी ओर संप्रेषित है। 1-10 तक

भवदीय

चन्द्रमौली मिश्रा
भानुप्रतापपुर

Conservator of Forest, Kanker Circle
NO.........
Date 29/8/25


Latitude: 20.396776
Longitude: 81.071204
Elevation: 416.3±5.69 m
Accuracy: 4.267 m
Time: 08-15-2025 16:43
Powered by NoteCam


Latitude: 20.407013
Longitude: 81.071289
Elevation: 410.01±2.76 m
Accuracy: 3.79 m
Time: 08-15-2025 16:38
Powered by NoteCam


Latitude: 20.406761
Longitude: 81.071287
Elevation: 411.97±4.49 m
Accuracy: 3.79 m
Time: 08-15-2025 16:38
Powered by NoteCam


Latitude: 20.403526
Longitude: 81.070364
Elevation: 407.16±6.94 m
Accuracy: 4.881 m
Time: 08-15-2025 16:36
Powered by NoteCam


Latitude: 20.405822
Longitude: 81.070979
Elevation: 412.89±9.17 m
Accuracy: 5.841 m
Time: 08-15-2025 16:37
Powered by NoteCam


Latitude: 20.407226
Longitude: 81.071311
Elevation: 408.46±3.13 m
Accuracy: 3.79 m
Time: 08-15-2025 16:38
Powered by NoteCam


Latitude: 20.406761
Longitude: 81.071287
Elevation: 411.97±4.49 m
Accuracy: 3.79 m
Time: 08-15-2025 16:38
Powered by NoteCam